प्रेषक,

सचिव
माध्यमिक शिक्षा परिषद
उत्तर प्रदेश प्रयागराज।

सेवा में,

1– मण्डलीय संयुक्त शिक्षा निदेशक, समस्त मण्डल, उत्तर प्रदेश।
2– मण्डलीय उप शिक्षा निदेशक, समस्त मण्डल, उत्तर प्रदेश।
3– जिला विद्यालय निरीक्षक, समस्त जनपद, उत्तर प्रदेश।

पत्रांकः –परिषद–9/158 दिनांकः 13 अगस्त 2020

विषयः प्रदेश के माध्यमिक विद्यालयों हेतु वर्ष 2020–21 का मासिक शैक्षिक पंचांग।

महोदय,

कृपया प्रदेश के माध्यमिक विद्यालय हेतु वर्ष 2020–21 का शैक्षिक पंचांग पत्र के साथ संलग्न कर इस आशय के साथ प्रेषित किया जा रहा कि वर्तमान शैक्षिक सत्र में शैक्षिक पंचांग के अनुसार पठन पाठन व सहगामी क्रिया–कलापों का संचालन कराना सुनिश्चित करें।

संलग्क– उक्तवत्

भवदीय

(दिब्यकान्त शुक्ल)
सचिव

पृ0सं0: परिषद–9/ तद्दिनांक

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–

1–शिक्षा निदेशक, माध्यमिक एवं सभापति, मा0शि0प0, शिविर कार्यालय, लखनऊ।
2–अपर शिक्षा निदेशक (माध्यमिक/राजकीय/बेसिक/व्यावसायिक शिक्षा/पत्राचार), शिक्षा निदेशालय, उ0प्र0, प्रयागराज/लखनऊ।
3–क्षेत्रीय सचिव, माध्यमिक शिक्षा परिषद, प्रयागराज, वाराणसी, गोरखपुर, मेरठ एवं वाराणसी।

(दिब्यकान्त शुक्ल)
सचिव

## कोविड 19 महामारी के कारण शैक्षिक सत्र 2020–21 में माध्यमिक विद्यालयो में 18 अगस्त से ऑनलाईन शिक्षण कार्य प्रारम्भ होने की स्थिति के अनुसार

## एकेडमिक कैलेण्डर

### शैक्षिक सत्र 2020–21 हेतु तिथिवार एकेडमिक कैलेण्डर

| | |
|---|---|
| विभिन्न कक्षाओं में ऑनलाईन शिक्षण कार्य प्रारम्भ किये जाने की तिथि | 18.08.2020 |
| विभिन्न कक्षाओं में ऑनलाईन/ऑफलाईन माध्यम से मासिक परीक्षा का आयोजन | प्रत्येक माह के अन्तिम सप्ताह में |
| विभिन्न कक्षाओं में ऑनलाईन / ऑफलाईन शिक्षण कार्य पूर्ण किये जाने की तिथि | 31.01.2021 |
| विभिन्न कक्षाओं की प्रयोगात्मक परीक्षाओं का आयोजन | फरवरी 2021 के प्रथम एवं द्वितीय सप्ताह में |
| प्री बोर्ड परीक्षा का आयोजन | फरवरी 2021 के तृतीय एवं चतुर्थ सप्ताह में |
| कक्षा 9 एवं कक्षा 11 की वार्षिक गृह परीक्षा का आयोजन | फरवरी 2021 के तृतीय एवं चतुर्थ सप्ताह में |
| कक्षा 10 एवं कक्षा 12 की बोर्ड परीक्षा का आयोजन | मार्च / अप्रैल 2021 |
| आगामी शैक्षिक सत्र 2021–22 के प्रारम्भ की तिथि | अप्रैल 2021 |

नोट : उपरोक्त तिथियाँ भारत सरकार तथा उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा कोविड 19 महामारी के सम्बन्ध में जारी किये जाने वाले दिशा निर्देशों के अधीन होंगी।

सामान्य निर्देश :–

1. कोविड 19 महामारी के कारण माध्यमिक शिक्षा में सकारात्मक परिवर्तन लाने तथा गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा के लिए संशोधित एकेडमिक कैलेण्डर के सम्बन्ध में प्रत्येक विद्यालय तथा जनसामान्य को जानकारी प्रदान करने के लिए उक्त एकेडमिक कैलेण्डर को जिला विद्यालय निरीक्षक, संयुक्त शिक्षा निदेशक, माध्यमिक शिक्षा परिषद, उ0प्र0 प्रयागराज एवं माध्यमिक शिक्षा निदेशालय की वेबसाइट पर भी अपलोड किया जाये।

2. दूरदर्शन उत्तर प्रदेश पर आनलाईन शिक्षण हेतु अगस्त के प्रथम दो सप्ताह में समयावधि उपलब्ध न हो पाने के कारण माध्यमिक विद्यालयो में 18 अगस्त 2020 से स्वयंप्रभा चैनल एवं दूरदर्शन उत्तर प्रदेश के माध्यम से कक्षाओं का शिक्षण कार्य प्रारम्भ होगा।

3. उक्त चैनलो पर कक्षावार प्रसारित होने वाले कार्यक्रमो की विस्तृत समय सारणी के दिशा निर्देश पृथक से जारी किये जायेंगे।

4. समस्त माध्यमिक विद्यालयो के प्रधानाचार्य ये सुनिश्चित करेंगे कि उक्त चैनलो पर कक्षावार प्रसारित होने वाले कार्यक्रमो को समस्त शिक्षक एवं समस्त छात्र अनिवार्य रूप से देखेगें। ऑनलाईन शिक्षण की उक्त व्यवस्था तथा उसकी गुणवत्ता का पर्यवेक्षण करने के लिए जिला विद्यालय निरीक्षक एवं उप/संयुक्त शिक्षा निदेशक द्वारा सतत एवं नियमित निरीक्षण किया जायेगा।

5. उक्त शिक्षण कार्य हेतु अधिकृत प्रकाशको द्वारा प्रत्येक जनपद में पाठ्य पुस्तकें उपलब्ध करा दी गयी है। उक्त पुस्तको को छात्रो द्वारा दीक्षा पोर्टल एवं ई–बुक्स के रूप में माध्यमिक शिक्षा परिषद, उ0प्र0, प्रयागराज की वेबसाईट पर लिंक के रूप में उपलब्ध है। जहां से उक्त पुस्तको को डाउनलोड किया जा सकता है। इसके अतिरिक्त अन्य शिक्षण सामग्री दीक्षा पोर्टल एवं यूट्यूब पर लिंक से माध्यम से वेबसाईट पर उपलब्ध है।

6. उक्त माध्यम से ऑनलाईन शिक्षण का मूल्यांकन (एसिसमेंट) विद्यालय के शिक्षको द्वारा बनाये गये वाट्सअप समूह के माध्यम से किया जायेगा।

7. ऑनलाईन शिक्षण कार्य कराये जाने की विस्तृत दिशा निर्देश पृथक से जारी किये जायेंगे।

8. कोविड 19 के संक्रमण से बचाव के लिए प्रशासन द्वारा जारी दिशा निर्देशों के अनुसार समस्त विद्यालय विभिन्न ऑनलाईन शिक्षण/वर्चुअल/वाट्सअप के माध्यम से विभिन्न प्रयोगात्मक एवं प्रोजेक्ट वर्क को सम्पन्न करायेंगे एवं दीक्षा पोर्टल/यूट्यूब/वाट्सएप एवं अन्य पोर्टलो पर अध्ययन सामग्रियो के लिंक के माध्यम से शैक्षणिक सामग्री छात्रो हेतु उपलब्ध करायेंगे।

9. ऑनलाईन शिक्षण को प्रभावी ढ़ंग से लागू किये जाने के निमित्त आवश्यकतानुसार जिला विद्यालय निरीक्षक द्वारा एन0आइ0सी0 के तकनीकी विशेषज्ञो अथवा अन्य विशेषज्ञो से मदद लेकर जनपद के प्रधानाचार्यो को वेबिनार्स तथा ऑनलाईन ट्यूटोरियल या वाट्सअप के माध्यम से शिक्षण कार्य हेतु प्रशिक्षित करेंगे। तदानुसार प्रधानाचार्य अपने संस्था के शिक्षको को प्रशिक्षित करेंगे।

10. उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद प्रयागराज द्वारा पाठ्यक्रम को संक्षिप्त करते हुए उक्त पाठ्यक्रम को माध्यमिक शिक्षा परिषद की वेबसाईट पर अपलोड कर दिया गया है। उक्त पाठ्यक्रम के अनुसार ही शिक्षण कार्य कराया जाये। निरीक्षण में यह देखा जाये कि प्रत्येक विषय के लिए निर्धारित माहवार पाठ्यक्रम अनिवार्य रूप से पूर्ण हो तथा माह के अंतिम सप्ताह माह में ऑनलाईन/ऑफलाईन माध्यम से ली जाने वाली मासिक परीक्षाओं के परिणाम के आधार पर सामान्य से कमजोर छात्रों को उपचारात्मक शिक्षा प्रदान की जाये।

11. प्रत्येक माध्यमिक विद्यालय में त्रैमासिक रूप से शिक्षक–अभिवावक समिति की बैठक कोविड 19 के संक्रमण से बचाव के लिए जारी दिशा निर्देशों के अनुसार की जाये जिसमे विद्यार्थियों की शैक्षिक प्रगति साझा की जाये। विद्यार्थियों के रिपोर्ट कार्ड में अभिवावक के हस्ताक्षर भी कराये जाये। विद्यालय की स्मारिका को ऑनलाईन जारी किया जाये।

12. कोविड 19 के संक्रमण से बचाव के लिए प्रशासन द्वारा जारी दिशा निर्देशों के अनुसार महापुरूषों के जयन्ती दिवस पर विद्यालयो में ऑनलाईन माध्यम से निबन्ध पोस्टर एवं वाद विवाद प्रतियोगिता कराकर उनके योगदान के विषय में विद्यार्थियों को जागरूक किया जाये। जयन्ती दिवस पर सार्वजनिक अवकाश की दशा में एक दिन पूर्व कार्यक्रम ऑनलाईन आयोजित किया जाये।

13. खेल–कूद, एन0सी0सी0, स्कॉउटिंग, एन0एस0एस0 एवं सांस्कृतिक/साहित्यिक गतिविधियों की रूपरेखा अगस्त माह में तैयार कर अगस्त माह के अंतिम सप्ताह में सदनवार टीमों का चयन ऑनलाईन माध्यम से किया जाये।

# अगस्त

1. शैक्षिक सत्र 2020–21 में कक्षा 9,10,11 एवं 12 में संस्थागत अभ्यर्थियों का प्रवेश निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार कर लिये जाये तथा इन कक्षा का शिक्षण कार्य ऑनलाईन माध्यम से यथासम्भव प्रारम्भ किया जाये।
2. अगस्त माह में ऑनलाईन माध्यम से स्टॉफ मीटिंग करके उनके एकेडमिक कैलेण्डर के महत्वपूर्ण बिन्दुओं से अवगत करा दिया जाये तथा शैक्षिक समय सारिणी उपलब्ध करायी जाये। प्रत्येक विषय के निर्धारित मासिक पाठ्यक्रम को स्वयंप्रभा चैनल एवं दूरदर्शन उत्तर प्रदेश के माध्यम से शिक्षण कार्य कराया जाये।
3. अनुशासन, स्वच्छता, खेल–कूद, विज्ञान एवं सांस्कृतिक परिषद इत्यादि समितियों का ऑनलाईन गठन।
4. कक्षा 9 एवं 11 में संस्थागत अभ्यर्थियों का आधार लिंक ऑनलाईन अग्रिम पंजीकरण कर लिया जाये।
5. समस्त पाठ्यक्रम के आनुपातिक मासिक शैक्षिक पाठ्यक्रम स्वयंप्रभा चैनल एवं दूरदर्शन उत्तर प्रदेश के माध्यम से ऑनलाईन शिक्षण पूर्ण किया जाये।
6. विद्यालय में सदनवार छात्रों का विभाजन ऑनलाईन माध्यम से करते हुए खेल–कूद तथा साहित्यिक, स्कॉउटिंग एवं सांस्कृतिक गतिविधियो की रूपरेखा तैयार करना तथा सदनवार टीमो का चयन एवं स्काउट–गाइड के दलों का पंजीकरण/नवीनीकरण ।
7. कोविड 19 के संक्रमण से बचाव के लिए प्रशासन द्वारा जारी दिशा निर्देशों के अनुसार विभिन्न वर्गों के अर्ह छात्र–छात्राओं के छात्रवृत्ति के आवेदन पत्र भरवाना तथा अग्रसारित कर प्रेषित करवाना।
8. प्रयोगशाला सम्बन्धी उपकरणो का निरीक्षण करके उपकरणो का सुचारू रूप से कार्य करना सुनिश्चित करा लिया जाये। सभी आवश्यक उपकरणो एवं पदार्थो की पूर्ति कर ली जाये। प्रयोग से सम्बन्धित मॉडल, चार्ट आदि प्रयोगशाला में अवश्य उपलब्ध हो। प्रयोगशालाओं की स्वच्छता विधिवत करायी जाये एवं वर्षो से निष्प्रयोज्य पड़े उपकरणो को हटाने की कारवाही की जाये।
9. माह के 25 तारीख तक ऑनलाईन माध्यम से अध्यापक अभिवावक संघ की सामान्य सभा की बैठक और कार्यकारिणी का चुनाव।
10. ऐसे विद्यार्थी जिनके पास टेलीविजन तथा ऑनलाईन शिक्षा हेतु कोई व्यवस्था नही है उनके लिए दूरस्थ शिक्षा से सम्बन्धित पाठ्य सामग्री संस्था के प्रधानाचार्य द्वारा छात्रो को उपलब्ध करायी जायेगी। ऐसे विद्यार्थियों के साप्ताहिक मूल्यांकन एवं मासिक परीक्षा हेतु विद्यालय में ड्राप बॉक्स की व्यवस्था की जायेगी जिसमे वे अपने उत्तर डाल सकते है।
11. कोविड 19 के संक्रमण से बचाव के लिए प्रशासन द्वारा जारी दिशा निर्देशों के अनुसार, साहित्यिक एवं सांस्कृतिक क्रियाकलापों की ऑनलाईन माध्यम से सदनवार प्रतियोगिताएं आयोजित कराना।
12. कोविड 19 के संक्रमण से बचाव के लिए प्रशासन द्वारा जारी दिशा निर्देशों के अनुसार 15 अगस्त के दिन स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर संस्था अध्यक्ष द्वारा ध्वजारोहण किया जाये। स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर चर्चा तथा देशभक्ति विषयक कार्यक्रमों का ऑनलाईन आयोजन।
13. कोविड 19 के संक्रमण से बचाव के लिए प्रशासन द्वारा जारी दिशा निर्देशों के अनुसार पर्यावरण संरक्षण सम्बन्धी प्रतियोगिताओं का ऑनलाईन आयोजन एवं छात्र/छात्राओं को अपने घर के आसपास वृक्षारोपण हेतु प्रेरित करना।
14. सामाजिक दूरी का पालन करते हुए प्रतिदिन एक निर्धारित संख्या में छात्र/छात्राओं को विद्यालय में बुलाकर कक्षा : 10 तथा 12 के बोर्ड परीक्षा के आवेदन पत्र भराना तथा जिला विद्यालय निरीक्षक को समय से प्रेषित करना।
15. कोविड 19 के संक्रमण से बचाव के लिए प्रशासन द्वारा जारी दिशा निर्देशों के अनुसार इन्सपायर अवार्ड योजनान्तर्गत यथासम्भव जनपद स्तरीय ऑनलाईन प्रदर्शनी व प्रोजेक्ट प्रतियोगिता हेतु चयनित छात्र–छात्राओं की ऑनलाईन तैयारी।
16. कोविड 19 के संक्रमण से बचाव के लिए प्रशासन द्वारा जारी दिशा निर्देशों के अनुसार विद्यालय स्तर पर विज्ञान क्लब का ऑनलाईन आयोजन।
17. ऑनलाईन क्लासेस के माध्यम से माह के अन्तिम सप्ताह में मासिक परीक्षा का आयोजन।

## सितम्बर

1. गत माह के लिए निर्धारित कार्यों की प्रगति की ऑनलाईन समीक्षा।
2. कोविड 19 के संक्रमण से बचाव के लिए प्रशासन द्वारा जारी दिशा निर्देशों के अनुसार दिनांक 01 से 15 सितम्बर तक हिन्दी पखवारे के अवसर पर ऑनलाईन क्लासेस/वाट्सअप के माध्यम से संगोष्ठी एवं सम्पूर्णानन्द वाद–विवाद एवं महायसी महादेवी वर्मा वाद–विवाद प्रतियोगिता एवं निबन्ध लेखन प्रतियोगिता का आयोजन।
3. समस्त पाठ्यक्रम के आनुपातिक मासिक शैक्षिक पाठ्यक्रम स्वयंप्रभा चैनल एवं दूरदर्शन उत्तर प्रदेश के माध्यम से ऑनलाईन शिक्षण पूर्ण किया जाये।
4. कोविड 19 के संक्रमण से बचाव के लिए प्रशासन द्वारा जारी दिशा निर्देशों के अनुसार 05 सितम्बर के दिन शिक्षक दिवस के अवसर पर ऑनलाईन क्लासेस/वाट्सअप के माध्यम से डॉ0 सर्वपल्ली राधाकृष्णन जी के जीवन चरित्र पर चर्चा।
5. सामाजिक दूरी का पालन करते हुए प्रतिदिन एक निर्धारित संख्या में छात्र/छात्राओं को विद्यालय में बुलाकर कक्षा 8 में अध्ययनरत अर्ह छात्र–छात्राओं की राष्ट्रीय आय एवं योग्यता आधारित छात्रवृत्ति योजना परीक्षा एवं कक्षा–10 में अध्ययनरत छात्र–छात्राओं को राष्ट्रीय प्रतिभा खोज परीक्षा के लिए आवेदन पत्र भरवाना।
6. छात्रों के गृह कार्य की ऑनलाईन/ऑफलाईन माध्यम से जांच। जिन विद्यार्थियों के पास इंटरनेट की सुविधा नहीं है वे विद्यालय में रखे ड्रॉप बॉक्स में उत्तर डाल सकेगे।
7. कोविड 19 के संक्रमण से बचाव के लिए प्रशासन द्वारा जारी दिशा निर्देशों के अनुसार स्वयंप्रभा चैनल एवं दूरदर्शन उत्तर प्रदेश के माध्यम से सभी विषयों के मासिक पाठ्यक्रम पूरा कराया जाना ।
8. सामाजिक दूरी का पालन करते हुए ऑनलाईन/ऑफलाईन क्लासेस के माध्यम से इन्सपायर अवार्ड योजनान्तर्गत जनपद में चयनित छात्रों को राज्य स्तरीय प्रतियोगिता हेतु तैयारी व प्रतिभाग कराना।
9. कोविड 19 के संक्रमण से बचाव के लिए प्रशासन द्वारा जारी दिशा निर्देशों के अनुसार 24 सितम्बर को पं0 दीनदयाल उपाध्याय की जयन्ती के अवसर पर उनकी जीवन गाथा और विचारों पर आधारित कार्यक्रमों का ऑनलाईन आयोजन।
10. ऑनलाईन/ऑफलाईन क्लासेस के माध्यम से माह के अन्तिम सप्ताह में मासिक परीक्षा का आयोजन।

## अक्टूबर

1. समस्त पाठ्यक्रम के आनुपातिक मासिक शैक्षिक पाठ्यक्रम स्वयंप्रभा चैनल एवं दूरदर्शन उत्तर प्रदेश के माध्यम से ऑनलाईन शिक्षण पूर्ण किया जाये।
2. 02 अक्टूबर गांधी जयन्ती के अवसर पर स्वच्छता पखवाड़ा का आयोजन एवं छात्र/छात्राओं को स्वच्छता हेतु प्रेरित करना। निबन्ध/पोस्टर आदि प्रतियोगिताओ का ऑनलाईन आयोजन।
3. कोविड 19 के संक्रमण से बचाव के लिए प्रशासन द्वारा जारी दिशा निर्देशों के अनुसार सामाजिक दूरी का पालन करते हुए विज्ञान प्रदर्शनी की जनपद स्तरीय प्रतियोगिताओं में विद्यालय टीम का प्रतिभाग सुनिश्चित करना।
4. कोविड 19 के संक्रमण से बचाव के लिए प्रशासन द्वारा जारी दिशा निर्देशों के अनुसार ऑनलाईन माध्यम से जनपद स्तरीय वाद–विवाद प्रतियोगिताओं हेतु छात्रों का चयन तथा उनकी तैयारी।
5. कोविड 19 के संक्रमण से बचाव के लिए प्रशासन द्वारा जारी दिशा निर्देशों के अनुसार ऑनलाईन क्लासेस/वाट्सअप के माध्यम से 31 अक्टूबर को सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयन्ती की उपलक्ष्य में राष्ट्रीय एकता दिवस के अवसर पर शिक्षको/कर्मचारियों/छात्र–छात्राओं को ''राष्ट्रीय एकता शपथ'' दिलाना तथा सरदार पटेल के दूरदर्शितापूर्ण अनुकरणीय कार्यो पर चर्चा हेतु विभिन्न प्रकार के ऑनलाईन कार्यक्रमों का आयोजन।
6. ऑनलाईन/ऑफलाईन क्लासेस के माध्यम से माह के अन्तिम सप्ताह में मासिक परीक्षा का आयोजन।

## नवम्बर

1. समस्त पाठ्यक्रम के आनुपातिक मासिक शैक्षिक पाठ्यक्रम स्वयंप्रभा चैनल एवं दूरदर्शन उत्तर प्रदेश के माध्यम से ऑनलाईन शिक्षण पूर्ण किया जाये।
2. ऑनलाईन क्लासेस/वाट्सअप के माध्यम से 11 नवम्बर को राष्ट्रीय शिक्षा दिवस के अवसर पर समाज की भलाई के लिए साक्षरता एवं शिक्षा के महत्व पर सेमिनार, निबन्ध लेखन, स्लोगन राइटिंग, भाषण प्रतियोगिता का ऑनलाईन आयोजन।
3. कोविड 19 के संक्रमण से बचाव के लिए प्रशासन द्वारा जारी दिशा निर्देशों के अनुसार 14 नवम्बर को बाल दिवस के अवसर पर एक सुव्यवस्थित और सम्पन्न राष्ट्र के निर्माण के लिए नागरिको को बच्चो के अधिकारों के प्रति जागरूक करने हेतु ऑनलाईन कार्यक्रम।
4. ऑनलाईन क्लासेस/वाट्सअप के माध्यम से राष्ट्रीय प्रतिभा खोज परीक्षा राष्ट्रीय आय एवं योग्यता आधारित परीक्षा हेतु छात्रों के मार्गदर्शन हेतु विशेष प्रशिक्षण की व्यवस्था।
5. ऑनलाईन क्लासेस/वाट्सअप के माध्यम से विद्यालय पत्रिका के प्रकाशन हेतु छात्रो एवं अध्यापको को अवगत कराना तथा लेख कविता एवं अन्य सामग्री का आमन्त्रण।
6. ऑनलाईन क्लासेस/वाट्सअप के माध्यम से विद्यालय पत्रिका का प्रकाशन।
7. ऑनलाईन/ऑफलाईन क्लासेस के माध्यम से माह के अन्तिम सप्ताह में अर्द्धवार्षिक परीक्षा का आयोजन।

## दिसम्बर

1. समस्त पाठ्यक्रम के आनुपातिक मासिक शैक्षिक पाठ्यक्रम स्वयंप्रभा चैनल एवं दूरदर्शन उत्तर प्रदेश के माध्यम से ऑनलाईन शिक्षण पूर्ण किया जाये।
2. ऑनलाईन क्लासेस/वाट्सअप के माध्यम से दिनांक 01 दिसम्बर को विश्व एड्स दिवस के अवसर पर छात्र–छात्राओं को एड्स की बीमारी एवं उससे बचाव के सम्बन्ध में ऑनलाईन कार्यक्रम का आयोजन।
3. सामाजिक दूरी का पालन करते हुए प्रतिदिन एक निर्धारित संख्या में छात्र/छात्राओं को विद्यालय में बुलाकर कक्षा 8 के छात्र/छात्राओं से एकीकृत छात्रवृत्ति परीक्षा हेतु आवेदन पत्र भराना।
4. कोविड 19 के संक्रमण से बचाव के लिए प्रशासन द्वारा जारी दिशा निर्देशों के अनुसार सामाजिक दूरी का पालन करते हुए विज्ञान काग्रेस का आयोजन।
5. ऑनलाईन/ऑफलाईन क्लासेस के माध्यम से माह के अन्तिम सप्ताह में मासिक परीक्षा का आयोजन।

## जनवरी

1. समस्त पाठ्यक्रम के आनुपातिक मासिक शैक्षिक पाठ्यक्रम स्वयंप्रभा चैनल एवं दूरदर्शन उत्तर प्रदेश के माध्यम से ऑनलाईन शिक्षण पूर्ण किया जाये।
2. ऑनलाईन क्लासेस/वाट्सअप के माध्यम से अध्यापक–अभिभावक संघ की बैठक का आयोजन।
3. सामाजिक दूरी का पालन करते हुए 11 से 17 जनवरी–राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा सप्ताह का आयोजन।
4. कक्षा 10 एवं 12 के छात्र/छात्राओं के परिषदीय परीक्षा पाठ्यक्रम की पूर्ति एवं परीक्षा पूर्व प्रगति की समीक्षा।
5. ऑनलाईन क्लासेस/वाट्सअप के माध्यम प्रतिभाशाली एवं कमजोर छात्र/छात्राओं के उपचारात्मक शिक्षण की समीक्षा।
6. कोविड 19 के संक्रमण से बचाव के लिए प्रशासन द्वारा जारी दिशा निर्देशों के अनुसार 24 जनवरी को उत्तर प्रदेश दिवस के अवसर पर राज्य की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत, साहित्य एवं कला के रूपो की प्रस्तुति एवं संवर्द्धन हेतु विभिन्न कार्यक्रमों का ऑनलाईन आयोजन।
7. कोविड 19 के संक्रमण से बचाव के लिए प्रशासन द्वारा जारी दिशा निर्देशों के अनुसार 25 जनवरी को मददाता दिवस के अवसर पर देश की राजनीति प्रक्रियाओं में लोगो की अधिकतम भागीदारी सुनिश्चित करने हेतु लोगो को मतदान के प्रति जागरूक करने के लिए ऑनलाईन कार्यक्रमों का आयोजन।

8. 26 जनवरी को गणतन्त्र दिवस के अवसर पर संस्था अध्यक्ष द्वारा ध्वजारोहण एवं कोविड 19 के संक्रमण से बचाव के लिए प्रशासन द्वारा जारी दिशा निर्देशों के अनुसार देशभक्ति की भावना प्रेरित करने और देश की समृद्ध विविधता को प्रोत्साहित करने के लिए विभिन्न कार्यक्रमों का ऑनलाईन आयोजन।
9. ऑनलाईन/ऑफलाईन क्लासेस के माध्यम से माह के अन्तिम सप्ताह में मासिक परीक्षा का आयोजन।

## फरवरी

1. कोविड 19 के संक्रमण से बचाव के लिए प्रशासन द्वारा जारी दिशा निर्देशों के अनुसार 10 फरवरी डीवर्मिंग डे का स्वास्थ्य विभाग के सहयोग से आयोजन।
2. सामाजिक दूरी का पालन करते हुए प्रथम एवं द्वितीय सप्ताह में परिषदीय प्रयोगात्मक परीक्षाओं का आयोजन।
3. कोविड 19 के संक्रमण से बचाव के लिए प्रशासन द्वारा जारी दिशा निर्देशों के अनुसार तृतीय एवं चतुर्थ सप्ताह में प्री–बोर्ड परीक्षा का आयोजन।
4. कोविड 19 के संक्रमण से बचाव के लिए प्रशासन द्वारा जारी दिशा निर्देशों के अनुसार नियोजित साक्षरता का कार्यक्रम का मूल्यांकन एवं तत्सम्बन्धी आख्या का जिला विद्यालय निरीक्षक को प्रेषण।
5. कोविड 19 के संक्रमण से बचाव के लिए प्रशासन द्वारा जारी दिशा निर्देशों के अनुसार 28 फरवरी राष्ट्रीय विज्ञान दिवस के अवसर पर विद्यार्थियों को विज्ञान के प्रति आकर्षिक करने, विज्ञान के क्षेत्र में नये प्रयोगों के लिए प्रेरित करने, विज्ञान एवं वैज्ञानिक उपलब्धियों के प्रति सजग बनाने तथा लोंगो के मन में कायम भ्रान्तियों को दूर करने के लिए कार्यक्रमो का ऑनलाईन आयोजन।
6. कक्षा 09 एवं 11 की वार्षिक गृह परीक्षाओं का आयोजन।
7. कोविड 19 के संक्रमण से बचाव के लिए प्रशासन द्वारा जारी दिशा निर्देशों के अनुसार बोर्ड परीक्षा की तैयारी ।
8. ऑनलाईन माध्यम से परिषदीय परीक्षा हेतु छात्र/छात्राओं को प्रवेश पत्र उपलब्ध कराना।

## मार्च

1. कोविड 19 के संक्रमण से बचाव के लिए प्रशासन द्वारा जारी दिशा निर्देशों के अनुसार 08 मार्च को विश्व महिला दिवस के अवसर पर "महिला सशक्तिकरण" विषय पर संगोष्ठि का ऑनलाईन आयोजन।
2. गृह परीक्षा की उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन एवं परीक्षाफल तैयार करना।
3. ऑनलाईन माध्यम से छात्रों की गृह परीक्षा के परीक्षाफल का वितरण।
4. कोविड 19 के संक्रमण से बचाव के लिए प्रशासन द्वारा जारी दिशा निर्देशों के अनुसार आगामी सत्र के प्रवेश कार्य हेतु तैयारी।
5. कार्यालय द्वारा छात्रों की सभी कक्षाओं के परीक्षाफल को छात्र पंजिका में अंकित करवाना।
6. कक्षा 10 एवं 12 की बोर्ड परीक्षा का आयोजन।